




## एक नजर में



### जयंती प्रजापति का जूनियर राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप में चयन

**बुधनी.** ओरिएंटल स्कूल की जयंती प्रजापति का चयन तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में आयोजित होने वाली जूनियर बालिका राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप के लिए मप्र टीम में हुआ है. जयंती राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी. नगर के खिलाड़ी लगातार रग्बी में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं. राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में निरंतर बेहतर प्रदर्शन कर वे राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं. इस सफलता में सत्येन्द्र सिंह सिवाच का विशेष योगदान माना जा रहा है. निदेशक नील कमल सरकार भी खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान कर रहे हैं. इस उपलब्धि पर अबरार शेख अहमद, पंकज जैन, अर्जुन मालवीय, धर्मपाल सिंह सिवाच, कोच विशाल यादव सहित गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश का नाम रोशन करने की कामना की.




### गांव में मुनादी कर देंगे सायबर फ्रॉड की जानकारी

**आष्टा.** पुलिस द्वारा साइबर अपराधों से बचाव के लिए सेफ क्लिक अभियान के तहत जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें चौकीदारों को सायबर जागरुकता अभियान से अवगत कराते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम में जागरुकता अभियान की मुनादी कर ग्रामवासियों को सायबर फ्रॉड से जागरुक किया जाए. कार्यक्रम में तहसील के करीब 50 चौकीदार उपस्थित थे. थाना प्रभारी गिरीश दुबे व अन्य स्टाफ द्वारा आमजन को डिजिटल ठगी के बढ़ते मामलों के संबंध में जानकारी दी गई. पुलिस आमजन से अपील की है कि साइबर अपराध के संबंध में जागरुक रहें और कोई भी संदिग्ध कॉल, मैसेज आने पर सतर्क रहें.




### पराली को बोझ नहीं, अर्थव्यवस्था की ताकत बनाएं : मालवीय

**सीहोर.** अभ्युदय रिसर्च एंड सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन के तत्वावधान में तथा एमपीसीएसटी के प्रायोजन से लाऊखेड़ी में तीन दिवसीय कार्यशाला पराली से समृद्धि स्वच्छ पर्यावरण और खुशहाल जीवन का शुभारंभ हुआ. कार्यशाला में किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं स्वयं सहायता समूहों को पराली के वैज्ञानिक प्रबंधन, आधुनिक कृषि तकनीकों और पराली आधारित मूल्य संबंधित उत्पादों के निर्माण की जानकारी दी गई. डॉ. राजकुमार मालवीय ने कहा कि पराली को जलाना पर्यावरण के साथ-साथ किसानों की आर्थिक संभावनाओं को भी नुकसान पहुंचाता है. कार्यक्रम में सरपंच धर्मेंद्र मालवीय, शिवनारायण तोमर, सोभाल सिंह, राकेश जलवाया उपस्थित थे.



### 16 को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

**सीहोर.** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन 16 जुलाई गुरुवार को किया जाएगा. रथ यात्रा जगदीश मंदिर छावनी से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई संजय टाकीज के पास स्थित स्वर्णकार समाज मंदिर पहुंचेगी. मंदिर परिसर में तैयारियां को लेकर जेसीबी से समतलीकरण किया गया. चल समारोह अध्यक्ष भवंरलाल परमार, तुलसीराम पटेल, पूर्व चल समारोह अध्यक्ष सुरेश गब्बर परमार, विष्णु परमार, जेपी परमार, शिव परमार ने बताया कि परमार समाज और क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं के द्वारा निरंतर पूरी की तर्ज पर यात्रा निकाली जाती है.



### कुबेरेश्वरधाम पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**सीहोर.** कुबेरेश्वरधाम पर इन दिनों आगामी सावन मास की कांवड यात्रा को लेकर तैयारियां जारी है. वहीं प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव का विशेष अभिषेक कर रहे है. शनिवार को 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में स्थित मुरली मनोहर मंदिर में भगवान शिव-पार्वती, भगवान राम-माता सीता और भगवान श्रीकृष्ण और राधा के विशेष श्रृंगार के दर्शन किए. सुबह कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने यहां पर आए श्रद्धालुओं को दर्शन दिए. प्रवचन के दौरान पं. श्री मिश्रा ने कहा कि भगवान शिव विश्वास का प्रतीक हैं. जो भक्त सच्चे मन, अटूट श्रद्धा और पूर्ण विश्वास के साथ भगवान भोलेनाथ का स्मरण करता है, उसके जीवन में आने वाले बड़े से बड़े संकट भी महादेव की कृपा से दूर हो जाते हैं.

# सर्विस रोड नहीं बनने पर फूटा जनता का गुस्सा

## चाणक्यपुरी के समीप निर्माणाधीन ओवरब्रिज के सामने चक्काजाम, जिम्मेदारों को सद्बुद्धि देने किया यज्ञ

- सर्विस रोड का निर्माण नहीं होने से लोगों में आक्रोश
- विधायक राय ने सर्विस रोड बनाने के दिए सख्त निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीहोर 5 जुलाई. जिला मुख्यालय स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के समीप निर्माणाधीन ओवरब्रिज में कथित लापरवाही, सर्विस रोड का निर्माण न होने और लगातार हो रही जन असुविधा के विरोध में रविवार को क्षेत्रवासियों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया. हाउसिंग बोर्ड और चाणक्यपुरी कॉलोनी के रहवासियों ने ओवरब्रिज के सामने चक्काजाम कर जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान जिम्मेदार अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों की सद्बुद्धि के लिए बीच सड़क पर यज्ञ-हवन भी किया गया. मौके पर पहुंचे विधायक ने निर्माण एजेंसी को फटकार लगाते हुए सर्विस रोड बनने तक ब्रिज निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दिए.**



**सीहोर.** ब्रिज कॉर्पोरेशन द्वारा सर्विस रोड न बनाए जाने पर चाणक्यपुरीवासियों ने चक्काजाम व सद्बुद्धि यज्ञ के जरिए आक्रोश जताया.

रविवार दोपहर हाउसिंग बोर्ड एवं चाणक्यपुरी कॉलोनी के रहवासी निर्माणाधीन ओवरब्रिज स्थल पर एकत्र हुए. लोगों ने ब्रिज कॉर्पोरेशन के अधिकारियों और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चक्काजाम किया. विरोध प्रदर्शन को प्रतीकात्मक रूप देने के लिए प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर ही यज्ञ-हवन कर जिम्मेदार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की सद्बुद्धि की कामना की. रहवासियों का कहना है कि वे पिछले कई महीनों से सर्विस रोड निर्माण की मांग कर रहे हैं. इस संबंध में कई बार अधिकारियों को लिखित आवेदन दिए गए तथा जनप्रतिनिधियों से भी समस्या के समाधान की मांग की गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिले. लोगों का आरोप है कि उनकी जायज मांगों की लगातार अनदेखी की गई, जिसके कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ा.

प्रदर्शनकारियों के अनुसार अधूरे निर्माण कार्य और सर्विस रोड के अभाव में क्षेत्र का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है. बरसात के मौसम में सड़क पर कीचड़ और फिसलन की स्थिति बन जाती है, जबकि सूखे दिनों में धूल के गुबार से लोगों का निकलना मुश्किल हो जाता है. क्षेत्रवासियों का कहना है कि रोजाना स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा हर समय सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

गौरतलब है कि निर्माण एजेंसी व अधिकारियों द्वारा पूर्व में 30 जून तक ओवरब्रिज पर आवागमन शुरू कराने का दावा किया गया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी यह लक्ष्य पूरा नहीं हो सका. निर्माण कार्य अब भी धीमी गति से जारी है, जिससे लोगों में लगातार असंतोष बढ़ता जा रहा है. प्रदर्शन के अंत में रहवासियों ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही सर्विस रोड का निर्माण पूर्ण कर समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की पूरी जिम्मेदारी ब्रिज कॉर्पोरेशन और स्थानीय प्रशासन की होगी.

### सर्विस रोड बनाओ फिर करना ब्रिज का निर्माण कार्य

आंदोलन की सूचना मिलने पर विधायक सुदेश राय भी मौके पर पहुंचे. उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देश दिए कि जब तक सर्विस रोड का निर्माण पूरा नहीं हो जाता, तब तक ब्रिज के निर्माण कार्य को आगे न बढ़ाया जाए. विधायक ने अधिकारियों से आमजन की सुरक्षा और सुगम आवागमन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा.

### डेढ़ साल से फरार दुष्कर्मी गिरफ्तार



**सीहोर.** कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म एवं अपहरण के प्रकरण में डेढ़ साल से फरार 2 हजार रुपए के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. गत 13 मार्च 25 को फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री का कोई आरोपी अपहरण कर ले गया है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू कर दी. जांच के दौरान 20 मार्च 25 को पीड़िता को गुजरात के नांदेड़ क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया गया था, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया था. पीड़िता के कथनों एवं मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में दुष्कर्म संबंधी धाराओं का इजाफ किया गया. पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी, उसका वर्तमान पता संकलित किया. मुखबिर की सूचना पर आरोपी पिंटू उर्फ अरविंद मालवीय पिता लाड़सिंह मालवीय, निवासी ग्राम भंवरा को उज्जैन से गिरफ्तार कर लिया गया. आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा.

### अब तक 280 .6 मिली मीटर वर्षा दर्ज

**सीहोर.** 5 जुलाई को जिले में 10.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई. 27 मिमी वर्षा जावर तहसील में रिकॉर्ड की गई. श्यामपुर में 22 मिमी, रेहटी में 12.2 मिमी, भैरूंदा में 11 मिमी, आष्टा में 7 मिमी, इछावर में 4 मिमी तथा सीहोर में 1 मिमी वर्षा दर्ज की गई. अब तक जिले में 280.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है. आष्टा में सर्वाधिक 400 मिमी वर्षा दर्ज की गई है. भैरूंदा में 367, जावर में 323.7, इछावर में 319, सीहोर में 229.9 , रेहटी में 229.6 मिमी, बुधनी में 213 मिमी, श्यामपुर में 162.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है.

# साइकिल से आए कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने भाजपा को घेरा

- कांग्रेस अध्यक्ष गुजराती ने किए भगवान श्रीगणेश के दर्शन
- पटवारी ने बड़ा बाजार में लिया कचौरी के स्वाद का आनंद

नवभारत न्यूज

**सीहोर 5 जुलाई.** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी रविवार सुबह साइकिल चलाकर अचानक सीहोर पहुंचे. जनसंपर्क और जनता से सीधे संवाद के उद्देश्य से निकाली गई इस यात्रा के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव, विवेक राठौर सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया.

सीहोर पहुंचने के बाद पटवारी ने सबसे पहले प्राचीन चिंतामन गणेश मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और जनता के कल्याण की कामना की.

मंदिर में दर्शन के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री मोहन यादव पर भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है और सरकार इस पर मौन है. पटवारी ने अयोध्या श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की चोरी को खुला भ्रष्टाचार बताते हुए कहा कि जनता की आस्था से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस 14 और 15 जुलाई को पूरे मध्य प्रदेश में एक विशेष जन-अभियान शुरू करेगी. इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की मांग को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संकल्प है कि केजी से पीजी तक शिक्षा सभी के लिए नि:शुल्क हो, ताकि आर्थिक स्थिति के कारण कोई भी बच्चा



शिक्षा से वंचित न रहे. पटवारी ने अपने दतिया दौरे का उल्लेख करते हुए दावा किया कि वहां की जनता भाजपा सरकार से नाराज है और बदलाव चाहती है. उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी चुनाव में कांग्रेस को व्यापक जनसमर्थन मिलेगा. इस दौरान उन्होंने बड़ा बाजार में कार्यकर्ताओं के साथ नाश्ते का भी स्वाद चखा.

### किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बने दुबे



नवभारत न्यूज

**रेहटी 5 जुलाई.** क्षेत्र के युवा नेता अनिरुद्ध दुबे को किसान कांग्रेस का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है.

नवनियुक्त महासचिव दुबे ने वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में किसान कांग्रेस को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का प्रयास किया जाएगा. अनिरुद्ध दुबे की नियुक्ति पर रेहटी एवं बुधनी क्षेत्र के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है. बधाई देने वालों में ठाकुर अनूप सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रपाल पटेल, कंचन शर्मा, ममता पटेल, राम पटेल, रागिनी रघुवंशी, विजय वर्मा, विपत सिंह उइके, मंगलसिंह ठाकुर, राजकुमार गौर, निखिल पालीवाल, बहादुर सिंह चौहान, रघु पटेल, विकास व्यास, संजीव अग्रवाल, प्रेम गूमा, चंद्र मीणा, सुभाष पटेल, विष्णु ठाकुर, दुष्यंत मालवीय, राधाकृष्ण नागर, उत्तम पटेल आदि शामिल हैं.

# छात्र ने रची अपने अपहरण की कहानी

- बोर्डिंग स्कूल जाने से बचने के लिए छात्र ने बनाया प्लान
- बहन को पांच लाख रुपए फिरौती का भेजा था संदेश

नवभारत न्यूज

**अहमदपुर 5 जुलाई.** डांट के डर से घर छोड़ने और अपहरण की झूठी कहानी रचने वाले 16 वर्षीय किशोर को पुलिस ने उज्जैन रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया.

ग्राम दूरगांव निवासी रामदयाल तंवर ने पुलिस को सूचना दी थी कि उनका 16 वर्षीय



पुत्र 1 जुलाई को बिना बताए घर से कहीं चला गया है. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी.

पुलिस द्वारा साइबर सेल की मदद से किशोर की लोकेशन ट्रेस कर उसे उज्जैन रेलवे स्टेशन से अभिरक्षा में लिया गया. पूछताछ में किशोर ने बताया कि वह नवोदय बोर्डिंग स्कूल श्यामपुर नहीं जाना चाहता था. इसी कारण वह बिना बताए बस से भोपाल चला गया और पहचान छिपाने मोबाइल की सिम निकालकर फेंक दी. भोपाल रेलवे स्टेशन पर रात बिताने के बाद वह ट्रेन से उज्जैन पहुंच गया. किशोर ने बताया कि घरवालों की डांट से बचने के लिए उसने रेलवे स्टेशन के वाई-फाई का उपयोग कर इंस्टाग्राम के माध्यम से अपनी बहन को 5 लाख रुपए की मांग वाला संदेश भेजा और स्वयं के अपहरण की झूठी कहानी गढ़ दी. जांच में स्पष्ट हुआ कि उसके साथ कोई घटना या दुर्घटना नहीं हुई थी.

### 24 घंटे में नकबजनी का खुलासा, माल बरामद

**रेहटी.** पुलिस ने नकबजनी की घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी से 8, 500 नकद, व ज्वैलरी बरामद की गई. जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 40 हजार बताई जाती है. गत दिवस फरियादी जोगेश यादव निवासी पथोड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी दादी के घर का सामान बिखरा हुआ मिला तथा पेटी से जेवरात और 9 हजार रुपए गायब थे. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी. मुखबिर की सूचना पर संदेही विजय कीर निवासी ग्राम पथोड़ा से पूछताछ की. आरोपी ने चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल किया. आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने 8,500 नकद, चार चांदी के कड़े एवं एक चांदी की चेन बरामद किए हैं.

# सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी व जेवर ले उड़े चोर

नवभारत न्यूज

**आष्टा 5 जुलाई.** शहर के वैष्णवी नगर क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए 95 हजार रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

फरियादी अभिषेक राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 2 जुलाई की रात 9 बजे वह वैष्णवी नगर स्थित मकान पर लाइनमैन से बिजली



ठीक करवाने गया था.

इसके बाद मकान में ताला लगाकर वापस अपने पैतृक घर आ गया. 4 जुलाई की सुबह चाचा जितेंद्र राठौर ने फोन कर बताया कि मकान के सभी दरवाजे खुले हुए हैं. मौके पर पहुंचकर देखने पर मकान का मुख्य ताला टूटा मिला तथा सामान बिखरा पड़ा था. जांच करने पर 2.5 ग्राम के सोने के झुमके, चांदी की पायजेब, 50 हजार रुपये नकद तथा एलईडी टीवी गायब मिली. सामान की कीमत करीब 95 हजार रुपये बताई गई है. पुलिस प्रकरण दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है.

### 31 तक जमा हो सकेंगे छात्रवृत्ति के आवेदन

**सीहोर 5 जुलाई.** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र की छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है. जिन विद्यार्थियों ने अभी तक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं किया है वे अंतिम तिथि से पहले आवेदन कर दें. उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति के लिए यह अंतिम अवसर रहेगा.


### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार अनिल चौधरी आ. स्व.श्री मोहना लाल चौधरी निवासी वार्ड नं. 34 चेतन नगर जमानी मार्ग मालवीय पोस्टमेन के सामने इटारसी तह. इटारसी जिला नर्मदापुरम् की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार के नाम का भूखण्ड मौजा ग्राम बेरखेड़ी सरदार पटेल वार्ड नंबर 11, नगर परिषद् बुदनी तहसील बुदनी जिला सीहोर म.प्र. का खसरा नं. 53/1/1/2 (S) रकबा 0.0405 हे. जिसकी चतुर्थसीमा पूर्व में- अनिल सुनील चौधरी की भूमि, पश्चिम में- गीता कटारे का खाली प्लाट, उत्तर में- आने जाने का कच्चा रास्ता एवं दक्षिण में- खाली प्लाट स्थित है. मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि को श्रीमती उषा चौधरी पत्नी श्री आनन्द चौधरी पुत्री स्व. श्री मोहनलाल निवासी ग्रीन तलावाड़ी चांदा इंदौर तह. व जिला इंदौर एवं श्रीमती अनूपा बाई पत्नी स्व.श्री मोहनलाल निवासी वार्ड नं. 34 चेतन नगर जमानी मार्ग मालवीय पोस्टमेन के सामने इटारसी तह. इटारसी जिला होशंगाबाद द्वारा पंजीयत दान पत्र क्रमांक एम.पी. 35252024ए 1744729 दिनांक 12.06.2024 है, के माध्यम से अनिल चौधरी आ. स्व.श्री मोहना लाल चौधरी को दान की गई है, जिसका नामांतरण भी अनिल चौधरी के पक्ष में हो चुका है. मेरा पक्षकार उपरोक्त दान में प्राप्त संपत्ति को इंडसइन्ड बैंक शाखा नर्मदापुरम् के पक्ष में बंधक रख भवन निर्माण हेतु ऋण प्राप्त करना चाहता है. यह कि मेरे पक्षकार की उपरोक्त वर्णित संपत्ति में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय-अशासकीय, वित्तीय निकाय का स्वत्व, आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक (सम्यक), भार अथवा अन्य किसी प्रकार का विवाद हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर मुझे मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार से उपरोक्त वर्णित पते पर प्रस्तुत करें. उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा-स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी. अत: उपरोक्तानुसार सूचना जानें.

**योगेश कुरापा अधिवक्ता**
**कार्यालय:** श्री सांई लॉ चेम्बर, प्रथम तल एफ-12, राजेन्द्र सिटी सेन्टर, (आरसीसी मॉल) कोठी बाजार, नर्मदापुरम्
मो.नं. 9340692669


**सम्मान समारोह** लोधी, लोधा, लोध समाज के सम्मान समारोह में विधायक सुदेश राय हुए शामिल

# कठिन समय में आत्मबल बढ़ाने में सम्मान की रहती अहम भूमिका

नवभारत न्यूज

**सीहोर 5 जुलाई.** गीता मानस भवन में रविवार को आयोजित अखिल भारतीय लोधी-लोधा-लोध अधिकारी कर्मचारी संघ, लोधी क्षत्रिय महासभा एवं समस्त लोधी समाज प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक सुदेश राय समाज के बच्चों को प्रोत्साहित किया.

उन्होंने कहा कि सामाजिक उत्थान के लिए समाज के जागरूक समाजजन जुटे हुए हैं. अपना लोधी-लोधा-लोध समाज प्रतिभाओं का सागर है. सम्मान विद्यार्थियों के हौसलों को बढ़ाता है आत्मबल और प्रोत्साहित करता है. समाजसेविका अरूणा राय ने सम्मानित हुए बच्चों को मार्गदर्शन दिया और जीवन में शिक्षा ग्रहण कर अपने देश प्रदेश गुरुजनों माता पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया. द्वितीय प्रतिभा सम्मान समारोह एवं शैक्षणिक मार्गदर्शन कार्यक्रम में शिक्षा और सामाजिक उत्थान पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया. संगोष्ठी में अखिल भारतीय लोधी-लोधा-लोध अधिकारी कर्मचारी संघ, लोधी क्षत्रिय महासभा एवं लोधी समाज के वरिष्ठ जनों के द्वारा हिस्सा लिया गया. विधायक सुदेश राय समाजसेविका अरूणा राय के द्वारा कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं और नवनियुक्त एवं सेवानिवृत्त समाज के अधिकारी-कर्मचारियों तथा विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि



हासिल करने वाले प्रतिभाशाली लोगों को भी सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में साक्षी लोकेश लिल्लारे, एसके मिरिया, आरएस लोधी, कामनी, दिलीप राजपूत, योगिता लोधी आदि मौजूद रहे.